भव्यता से मनाएंगे मेला, सभी विभाग पूरी तैयारी रखें : कलैक्टर

अजमेर (कासं) । जिला कलैक्टर लोक बंधु ने सभी विभागों को निर्देश दिए है कि अगले महीने आयोजित होने वाले श्री पुष्कर पशु मेला 2024 की तैयारियां समय से पूरी कर लें। मेला पूरी भव्यता, धार्मिकता एवं सांस्कृतिक के साथ मनाया जाएगा। इसमें कहीं किसी तरह की कमी ना रहे। एडीए परिक्रमा मार्ग की पुलिया की मरम्मत कराएगा। बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा एवं अन्य व्यस्थाएं भी समय रहते कर ली जाएं।

- एडीए कराएगा परिक्रमा मार्ग पुलिया की मरम्मत
- धार्मिकता के साथ निकाली जाएगी आध्यात्मिक यात्रा
- मेला ग्राउंड पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन
- मेले से पूर्व दुरूस्त होगी बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं

अगले महीने आयोजित होने वाले पुष्कर मेले को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक हुई।

जिला कलैक्टर लोक बंधु ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में श्री पुष्कर पशु मेला सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि पुष्कर मेले की अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति है। हमें उसी स्तर पर तैयारियां करनी है। मेले के आयोजन से जुड़े सभी विभाग अपने से संबंधित कामकाज को नवम्बर से पूर्व ही पूरा करा लें। किसी भी विभाग के कामकाज में कोई कमी ना रहे। मेले की अवधि के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं, पशुपालकों एवं पर्यटकों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने चाहिए।

उन्होंने पुष्कर नगर परिषद को निर्देश दिए कि सरोवर के सम्पूर्ण घाटों पर सफाई, रोशनी, मेला क्षेत्र में पब्लिक एड्रेस सिस्टम, मृत पशु उठाने वाली टीम का गठन, पुष्कर शहर एवं मेला क्षेत्र की सफाई, ब्रह्मा मंदिर के पास जूते-चप्पल का बूथ, मेला मैदान पर रंगाई-पुताई आदि कार्य करवाए। नगर परिषद लावारिस पशुओं की धरपकड़ कर उन्हें नजदीकी गौशालाओं तक पहुंचाए, रैन बसेरा बनाए, शहर में रोशनी व्यवस्था, सरोवर में गहरे पानी वाले स्थानों पर लाल झण्डी लगाकर चेतावनी संकेतक, गोताखोर तैनात करना, पार्किंग स्थानों का समतलकरण, खोये बच्चों के लिए जलपान व भोजन, फायर ब्रिगेड एवं अन्य व्यवस्थाएं करवाए।

इसी तरह पशुपालन विभाग दड़ों में रोशनी व पेयजल, खेलियों की मरम्मत एवं उनमें पानी भरवा कर जांच, पशुओं के लिए मेडिकल कैम्प, मोबाइल यूनिट, चौकी स्थापना, सांस्कृतिक कार्यक्रम से संबंधित तैयारी, रैम्प एवं अन्य व्यवस्थाएं करवाए। सार्वजनिक निर्माण विभाग विभिन्न सड़कों की मरम्मत, पेचवर्क, बरड़ा बिछाना एवं अन्य कार्य समय पूर्व करवाए। जलदाय विभाग पानी की सप्लाई एवं अन्य व्यवस्थाएं करे। रोडवेज मेला क्षेत्र में अस्थायी बस स्टैण्ड, टिकट काउंटर, क्रेन, अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करें। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग मलेरिया, डेंगू व मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए। अस्थायी मोबाइल डिस्पेंसरी, कैजुअल्टी रूम, एम्बुलेंस, खाद्यान्न जांच एवं अन्य व्यवस्थाएं करें। विद्युत विभाग निर्बाध बिजली आपूर्ति एवं दुर्घटना से बचने के उपाय करे। रसद विभाग फूड पैकेट की दर निर्धारित कर उनका विक्रय, पशुपालकों को उचित मूल्य की दुकान से किराना सामग्री उपलब्ध कराए एवं खाद्यान्न सामग्री की जांच कराए। अजमेर डेयरी बूथ स्थापित करें एवं डेयरी उत्पाद उपलब्ध कराए तथा पशुओं के लिए चारा डिपो की व्यवस्था करे।

जिला कलैक्टर ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि मेले के दौरान पर्याप्त पुलिसकर्मी लगाना, अस्थायी थाना व चौकी स्थापना, सुरक्षा, यातायात, गश्त, सीसीटीवी कैमरे से जांच आदि व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर ले।

अनुदान पर किसानों को मिलेगी जिप्सम

अजमेर, (कासं)। कृषि विभाग द्वारा जिले के कृषकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 50 प्रतिशत से शत प्रतिशत अनुदान पर रबी में 2050 मैट्रिक टन जिप्सम वितरण के लक्ष्य प्राप्त हुए है। किसान अपनी जिप्सम की मांग राज किसान साथी सुविधा एप पर जनाधार नम्बर से लॉगिन कर अपने क्षेत्रा के सम्बन्धित कृषि पर्यवेक्षक को ऑनलाईन एप के माध्यम से दे सकेंगे।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक शंकर लाल मीना ने बताया कि भूमि सुधार कार्यक्रम के लिए गत 6 माह में बनी जिप्सम मांग रिपोर्ट अपलोड करनी होगी। बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत क्षारीय भूमि सुधार के लिए कृषकों को जिप्सम पहले आओ पहले पाओ के आधार पर शत प्रतिशत अनुदान पर (निःशुल्क) प्रति किसान अधिकतम 0.5 हेक्टेयर क्षेत्रा के लिए भूमि की जिप्सम मांग के अनुसार अधिकतम 1.50 मैट्रिक टन जिप्सम उपलब्ध करवाया जा सकेगा।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत-सॉयल हैल्थ फर्टिलिटी कम्पोनेंट के तहत भूमि सुधार के लिए 50 प्रतिशत अनुदान पर एक किसान को अधिकतम दो हेक्टेयर क्षेत्रा के लिए भूमि की जिप्सम मांग रिपोर्ट के अनुसार प्रति हेक्टेयर अधिकतम 5 मैट्रिक टन जिप्सम उपलब्ध करवाया जा सकेगा। राष्ट्रीय खाद्य मिशन अन्तर्गत दलहन फसलों में जिप्सम 250 किलो प्रति हेक्टेयर 50 प्रतिशत अनुदान या अधिकतम रूपए 750 प्रति हेक्टेयर प्रति कृषक अधिकतम 2 हेक्टेयर तक देय है।

सुविधाओं की अनदेखी पर प्रशासन को लिखा पत्र

अजमेर, (कासं)। ऐतिहासिक आनासागर झील पर अतिक्रमणों, शहर की दयनीय सडक़ो, अनियमित पेयजल सप्लाई सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार कॉमन कॉज सोसाइटी अजमेर के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लेते हुए जिला प्रशासन के नाम पत्र लिख कर नाराजगी जताते हुए शहर की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओ को सुधारने की मांग की है। बैठक अध्यक्ष एचएम जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बैजल, उपाध्यक्ष डॉ निर्मला नुवाल, वित्तसचिव धनराज चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य डॉ.राजेंद्र तेला, सुनील जालोरी, रमाकांत अग्रवाल, गिरधारीलाल मंगल एवं महासचिव विनीत लोहिया मौजूद रहे।

महासचिव विनीत लोहिया ने बताया कि बैठक के पश्चात् जिला प्रशासन को पत्र लिखकर अजमेर की समस्याओं से अवगत कराया है, आनासागर झील पर अतिक्रमणों से भराव क्षेत्र में कमी आने से बरसात के दिनों में जनजीवन अस्त व्यस्त हो जाता है, जो एक स्मार्ट सिटी की असफलताओं को दर्शाता है। आनासागर को मूलस्वरूप में लाने, शहर की सडक़ों के हालात अत्यंत दयनीय स्थिति में है, आए दिन दुर्घटनाओं में जनहानि के साथ मानसिक प्रताडनाओं से भी गुजरना पड़ता है। ऐसे में मार्टिनल ब्रिज से पुरानी लोक सेवा आयोग बिल्डिंग तथा फव्वारा चौराहे तक एलिवेटेड के नीचे के रोड की दुर्दशा सुधारी जाए।

हादसे में एक घायल

मसूदा, (निसं)। प्राप्त जानकारी के अनुसार लौरडी निवासी आशा पत्नी मिठू उम्र 40 वर्ष अपनी मोटर साइकिल से लौरडी से मसुदा आ रहे थे । तब तेज गति सामने से आ रही मोटर साइकिल सवार ने टक्कर मारकर दी। मोटरसाइकिल सवार मौके से भाग निकाला ।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पृथ्वीराज नगर अजमेर योजना के आवासीय / व्यावसायिक भूखण्ड संख्या ए-92, क्षेत्रफल 138.88 वर्गगज के आवंटी / अन्तरिति परषोत्तम मूलचन्दानी पुत्र टीकमदास मूलचन्दानी निवासी प्लॉट नं. 2, मेन रोड के सामने, आदर्श नगर, हाल निवासी 787/55, चौधरी कॉलोनी, वैशाली नगर, अजमेर, अजमेर की मृत्यु दिनांक 10.04.2024 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा पंजीकृत दिनांक 12.03.2019 संलग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु हरीश पुत्र परषोत्तम मूलचन्दानी, 787/55, चौधरी कॉलोनी, वैशाली नगर, अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ/24-25/भवन/541 दिनांक: 04/10/24

आपत्ति सूचना

श्री दिलीप कुमार गोयल पुत्र स्व. श्री सत्यनारायण गोयल निवासी 15/166 सुवालाल भवन 30/603 आर्य समाज मार्ग केसरगंज, अजमेर द्वारा एक सम्पति जिस पर ए.एम.सी. नं. 15/166 सुवालाल भवन आर्य समाज मार्ग केसरगंज अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 44.49 वर्गमीटर है भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानसार हैं।

पूर्व - आम रास्ता पश्चिम - अन्य की सम्पत्ति

उत्तर - नाला दक्षिण - इसी ए.एम.सी. का शेष भाग श्री किशन गोपाल जी की सम्पति

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ/24-25/भवन/549 दिनांक: 08/10/24

आपत्ति सूचना

श्री अजीत गोयल पुत्र श्री गोविन्दलाल गोयल निवासी नोवल्टी हाऊस घास कटला नया बाजार, अजमेर एवं श्री चन्द्र कुमार पुत्र श्री छत्तोमल निवासी चन्दनानी भवन शान्ति नगर मलूसर रोड अजमेर द्वारा एक सम्पति जिस पर ए.एम.सी. नं. 1/81 = 6 / 160 का एक भाग है जो वाके कबूतरखाने के पास महावीर सर्किल गंज अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 383.87 वर्गमीटर है भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानसार हैं।

पूर्व - खुली भूमि पश्चिम - कबूतर खाना

उत्तर - 08 फुट चौड़ी गली दक्षिण - नल गोदाम व शांति सदन

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ/24-25/भवन/548 दिनांक: 08/10/24

आपत्ति सूचना

श्री गिरधारी मंगल पुत्र श्री रामविलास मंगल निवासी बाबू मौहल्ला केसरगंज, अजमेर द्वारा एक भूखण्ड / जायदाद दुकान नं. 23 जिसका ए.एम.सी. नं. 198 / 11300/29 = 21 / 24 है जो वाके नवज्योति प्रेस वाली गली जियालाल मार्ग अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 261.66 वर्गमीटर है भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानसार हैं।

पूर्व - अन्य की सम्पत्ति पश्चिम - अन्य की सम्पत्ति जांबाद 20 फुट रोड

उत्तर - 40 फुट रोड दक्षिण - अन्य की सम्पत्ति

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

53 प्रकरणों में अभियुक्तों को दिलाई सजा

पुलिस, ग्राम रक्षक मिलकर काम कर रहे है

अजमेर, (कासं)। महिला अत्याचार के खिलाफ पुलिस की पहल ऑपरेशन 'आवाज दो' के तहत अजमेर रेंज में जनवरी से सितंबर माह में अब तक 53 प्रकरणों में अभियुक्तों को सजा दिलवाई गई है। ऑपरेशन आवाज के अंतर्गत पुलिस महिलाओं को महिला अपराध से जुड़े कानूनों के बारे में जानकारी दी जाती है, इसके साथ ही युवाओं और बच्चों में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने की कोशिश की जाती है, इस अभियान के तहत पुलिस, ग्राम रक्षकों, पुलिस मित्रों और सीएलजी के साथ मिलकर काम कर रही है।

अजमेर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक ओम प्रकाश ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं पर हो रहे आपराधिक घटनाएँ पर अंकुश लगाने के लिए रेंज स्तर पर जागरूकता अभियान आवाज दो शुरू किया गया था। अभियान के अंतर्गत पोक्सो एवं महिला अत्याचार संबंधित न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों को केस ऑफिसर स्कीम में चयनित कर केस ऑफिसर की नियुक्ति की गई तथा प्रकरणों का लगातर रेंज स्तर पर समीक्षा एवं सुपरविजन कर सजा का प्रतिशत बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया।

जनवरी से सितंबर माह में 53 प्रकरणों में सजा : रेंज डीआईजी प्रकाश ने बताया कि अनुसंधान अधिकारियों को प्रकरणों में त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय दिलवाने दिशा निर्देश दिए थे, जिसके परिणामस्वरूप जनवरी से सितंबर दस माह में करीब 53 प्रकरणों में दोषियों को सजा दिलाई गई है। पोक्सो एवं बलात्कार के अभियुक्तों को 3 प्रकरणों में 20 साल की सजा जिला केकड़ी में एक एवं टोंक में दो, एक प्रकरण में 2 साल की सजा जिला टॉक में दिलवाई गई तथा केकड़ी जिले में एससी/एसटी के एक प्रकरण में आजीवन कारावास एवं 2 प्रकरण में जुर्माना जिला टॉक में सजा दिलवाई गई। इस प्रकार माह सितम्बर में पोक्सो, बलात्कार एवं एससी/एसटी के 7 प्रकरणों में अभियुक्तों को कठोर सजा दिलवाई गई। इसी प्रकार शाहपुरा में एक प्रकरण में मृत्यदंड, 5 प्रकरणों में आजीवन कारावास जिला अजमेर 2 एवं टॉक 3। इसी प्रकार 25 प्रकरणों में 20 साल की सजा अजमेर 5, ब्यावर 3, डीडवाना-कुचामन 2, केकड़ी 4, नागौर 5, शाहपुरा 1 एवं टॉक 5 तथा 2 प्रकरण में 10 साल की सजा जिसमें ब्यावर में 1 प्रकरण में 7 साल की सजा जिला अजमेर 1 प्रकरण में 3 साल सजा जिला अजमेर, एक प्रकरण में 2 साल की सजा जिला टोंक तथा एससी/एसटी एक्ट के 1 प्रकरण में आजीवन कारावास जिला केकड़ी, 14 प्रकरणों में सभी में 1 साल की सजा जिला टोंक तथा 2 प्रकरणों में जुर्माना की सजा दिलवाई गई।

विद्यार्थियों ने दी भावभीनी प्रस्तुति

अजमेर, (कासं)। विश्व के सबसे बड़े सेवा संगठन लायंस क्लब्स इंटरनेशनल की अजमेर शाखा लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा एक अक्टूबर से 8 अक्तूबर तक मनाए जा रहे 'लायंस सेवा सप्ताह' के अंतर्गत अजमेर के हाथीभाटा क्षेत्र में स्थापित संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज देश भक्ति कार्यक्रम बहुत ही उत्साह से मनाया गया जिसमे विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों ने भावभीनी प्रस्तुति देकर वातावरण को खुशनुमा कर दिया इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देश प्रेम से ओत प्रोत भजन भी गाए मेरे देश की धरती सोना उगले उगले हीरे मोती मेरे देश की धरती,ए मेरे वतन के लोगो जरा आंख में भर लो पानी,जो शहीद हुए है उनकी जरा याद करो कुर्बानी सहित कई राष्ट्र को समर्पित गाने कविताएं भजन आदि गाए क्लब द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चो को पुरस्कृत किया गया।

क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि क्लब की वरिष्ठ सदस्य लायन स्नेह लता शर्मा के संयोजन में हुए समारोह स्वरूप कार्यक्रम में संपन्न हुए कार्यक्रम में देश हित को सर्वोपरि स्थान पर रखने पर विद्यार्थियों को सीख दी गई।

अघोरी संत की समाधि को भूमाफियाओं से बचाने की मांग

- अघोर भाट गोरमात समाज ने एसपी व कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

अजमेर, (कासं)।क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र स्थित क्षेत्रपाल अस्पताल के पीछे सौ साल पुरानी अघोरी संत की समाधि को भूमाफियाओं से बचाने की गुहार मंगलवार को अघोर भाट गोरमात समाज के लोगों ने कलेक्टर लोकबंधु व एसपी वंदिता राणा को ज्ञापन सौंपकर सुरक्षा की गुहार लगाई। समाज के लोगों ने कहा कि अघोरी संत की समाधि स्थल पर भूमाफियों की नजर है जो जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। भूमाफियाओं द्वारा गोरमात समाज के लोगों के साथ गत मारपीट कर दहशत भी फैलाई जा रही है, जिसके चलते समाज में रोष व्याप्त है।

गोरमात समाज के राधेश्याम, श्यामलाल, पृथ्वीराज, गोपाल, हरिराम ने कलेक्टर लोक बंधु व एसपी वंदिता राणा को ज्ञापन सौंप कर बताया कि हमारे पूर्वज अघोरी संत रहे है, क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र के क्षेत्रपाल अस्पताल के पीछे करीब 100 साल पुरानी अघोरी संत की समाधि स्थल बना हुआ है,उक्त भूमि पर भूमाफियाओ नजर है। एडीए ने कराई थी खुदाई : गोरमात समाज की परंपरा के अनुसार उनके पूर्वज अपने प्राणो का त्याग समाधि बनाकर ही करते आए है।

एडीए टीम द्वारा समाधि स्थल पर खुदाई कराई थी, जहां गोरमात समाज के पूर्वजो की अस्थियां निकली थी, जिसके चलते एडीए ने खुदाई का काम रोक दिया था, लेकिन अब वहां कुछ भूमाफियो की नजर भूमि पर है। प्रशासन की मिलीभगत के चलते भूमाफियाओं द्वारा पुनः समाधि स्थल को हानि पहुंचाने का काम किया जा रहा है। समाज के लोगों ने समाधि को बचाने और भूमाफियाओं पर कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/ अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की गैर आवासीय योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 81 क्षेत्रफल 147.92 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री/सुश्री / श्रीमती, उषा देवी पत्नी श्री स्व. श्री तुलसी राम निवासी मकान नं. 308/50 लोहाखान रोड, पुलिस लाईन चौराह अजमेर की मृत्यु दिनांक 01.01.2021 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1. श्रीमती सुनीता पत्नी श्री भारत भूषण धावा 2. श्रीमती भगवती पत्नी श्री अशोक कुमार मोदी दोनो पुत्रीयां स्व. श्री तुलसीराम 3. श्री देवेन्द्र पुत्र स्व. श्री तुलसीराम समस्त निवासीगण मकान नं. 308/50 लोहाखान रोड, पुलिस लाईन चौराह, अजमेर के द्वारा अपने सह हिस्सेदार श्री कुशाल चन्द आसरवा पुत्र स्व. श्री तुलसीराम, निवासी मकान नं. 308/50 लोहाखान रोड, पुलिस लाईन चौराह, अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 29.09.2023 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवंटन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी, अजमेर विकास प्राधिकरण

कार्यालय नगरपालिका मण्डल नावां शहर जिला डीडवाना-कुचामन (राजस्थान)

टेलीफैक्स :- 01586-263157 ई-मेल :- npnawa@gmail.com

क्रमांक :- न.पा.नावा/2024-25/1634 दिनांक :-07.10.2024

अन्तिम आम-सूचना

नगरपालिका नावां के पेराफेरी क्षैत्र के राजस्व ग्राम पांचोता के खसरा नम्बर 1262/416, 131,413, 414 रकबा 5.71 हैक्टर के भूमि के समस्त खातेदारो को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम पांचोता के खसरा नम्बर 1262/416, 131, 413, 414 रकबा 5.71 की राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क के तहत की गई कार्यवाही निरस्त हेतु प्रकियाधीन है। अगर किसी खातेदारान को कोई आपत्ति है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप/आपत्ति नहीं है ओर तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एवं पालिका मुद्रा से आज दिनांक 07.10.2024 को जारी की गई है।

राज.संवाद/सी/24/6271 अधिशाषी अधिकारी

डांडिया रास ने मचाई धूम

अजमेर, (कासं)। वैशाली नगर वृंदावन गार्डेन में आज माहेश्वरी महिला मंडल के डांडिया की धूम मची। माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा माहेश्वरी व सचिव सोनू लखोटिया ने बताया कि माहेश्वरी महिला मंडल का डांडिया प्रोग्राम वृंदावन गार्डन में आयोजित किया गया। डांडिया प्रोग्राम में सखियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस डांडिया रास की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रभाजी लखोटिया, श्रीमती चंद्रा बूब, श्रीमती मंजू मुरक्या, श्रीमती चंद्रकला मालू एवं संगीता झंवर रही। अध्यक्ष रेखा महेश्वरी एवं सोनू लखोटिया ने सभी का स्वागत किया। दीप प्रज्वलन व आरती से कार्यक्रम की शुरुआत की गई । कार्यक्रम में स्वाति और ग्रुप मिली और ग्रुप मिताली और ग्रुप मनीषा और ग्रुप ने डांडिया की शानदार प्रस्तुति दी। उसके बाद उम्र के हिसाब से 25 से 40, 40 से 50 व 50 से ऊपर वाली सखियों के लिए ओपन राउंड रखे गए, जिसमें बेस्ट डांसर और ड्रेस का इनाम दिया गया। सभी ने मातारानी के सामने जोश के साथ डांस किया और खूब मजे किए। सभी पार्टिसिपेंट्स को मुख्य अतिथि अतिथि की तरफ से पुरस्कृत किया गया।

कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी का गांव पहुंचने पर ग्रामवासियों ने किया भव्य स्वागत

अजमेर, (कासं)। ग्राम खुटिया में नारायण सागर बांध भरने पर अन्नपूर्णा माता के मेले की पूर्व संध्या पर समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अजमेर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी एवं अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी का ग्रामवासियों ने गाजे बाजे के साथ गर्मजोशी से साफा बंधवाकर स्वागत अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में बिजयनगर से मसूदा कांग्रेस सेवादल विधानसभा अध्यक्ष रामलाल नगवाड़ा, पूर्व पार्षद गोपाल स्वरूप कुमावत, गुरुभेज सिंह टुटेजा सहित महावीर नाबेडा देवमाली के पूर्व सरपंच मधुराम गुर्जर, बाड़ी के पूर्व सरपंच हाथीराम गुर्जर ,लोधियाना के सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर शर्मा, छोटी बाई सरपंच दौलतपुरा, देशराज चौधरी सरपंच शेरगढ़ ,जाट समाज के सचिव सांवरलाल जाट ,राष्ट्रीय कवि कानाराम हनुतिया ,जलिया के जनप्रतिनिधि गोपाल कोरवाल, लक्ष्मण दाजी, सुरेश कोरवाल, शिवराज भादू ,सरपंच बाड़ी कैलाश चौधरी बैरल ,कैलाश गुर्जर जलियां ,सुरेंद्र सिंह राठौड़ प्रधान मसूदा, एवं हजारों कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर ग्राम वासियों ने सामूहिक भोजन की व्यवस्था की गई कार्यक्रम में जालिया, बरल ,बाड़ी, सथाना, लुधियाना, दौलतपुरा ,देवमाली, नंदवाड़ा, देवास, रामगढ़, खुटिया, हनुतिया, पंचायत के ग्रामीण उपस्थित। ग्राम खुटिया की स्वागत समिति में पांचू गुर्जर, जीवराज गुर्जर, गोविंद गुर्जर, समिति के अध्यक्ष जगदीश चौधरी, हाथीराम गुर्जर पुखराज गुर्जर, घासीराम न्याला गोपाल नेगाडी के साथ ब्राह्मण समाज के गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। इस अवसर पर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने कहा कि जीवन भर क्षेत्र के लोगों की सेवा की है और आने वाले समय में भी अंतिम सांस तक आप सभी की सेवा करता रहूंगा।

सार्वजनिक सूचना

CRSP Capital Pvt. Ltd

सभी सम्मानित ग्राहकों, हितधारकों और स्थानीय निवासियों को सूचित किया जाता है कि हमारी शाखा **देवगढ़, राजसमंद, भोपालगढ़, पिपार, घटोल, मंगलवाड** को दिनांक **06-जनवरी-2025** से ब्रांच ऑपरेशन का कार्य बंद किया जा रहा है। हम इस परिवर्तन के माध्यम से अपनी सेवाओं को और अधिक सुगम, सुलभ और आधुनिक बनाना चाहते हैं, ताकि आपको अधिकतम सुविधाएँ प्रदान की जा सकें।

शाखा का पता:-

देवगढ़- ICICI बैंक बिल्डिंग, सोहन लहरी निवास, भीलवाड़ा रोड, देवगढ़ 313331, **राजसमंद** - शिव मंदिर के पास रेलवे स्टेशन रोड, कांकरोली, राजसमंद 313324, **भोपालगढ़-** गणेशपुरा मार्केट, जोधपुर रोड, भोपालगढ़ 342603, **पिपार-** खेजड़ला रोड, पुराने बस स्टैंड के पास, पिपर 342601, घाटोल F23-24, जीवन ज्योति कॉम्प्लेक्स, पुराने बस स्टैंड, **घाटोल-** 327023, **मंगलवाड** - दुकान नंबर 3, निम्बाहेड़ा, मंगलवार चौरा, चित्तौड़गढ़, राजस्थान - 312024

हम आपको आश्वस्त करते हैं कि आपको हमारी सेवाएँ अन्य शाखाओं के माध्यम से सामान्य रूप से उपलब्ध रहेंगी। किसी भी जानकारी के लिए हमसे संपर्क करें:

संपर्क के लिए:

दफ्तर हेल्पलाइन नंबर-0294-2580000 ईमेल: ceo@crspcapital.com

मुख्यालय का पता- 12 सी, चौथी मंजिल, पैसिफिक अमन बिल्डिंग, मधुबन, उदयपुर, राजस्थान - 313001

धन्यवाद.

CRSP Capital Pvt. Ltd.

2 करोड़ 70 लाख की लागत से बन रहे डामरीकरण का कार्य अंतिम चरण में

- ख्वाजा नगर से लेकर संगम विहार होते हुए बालाजी मंदिर तक बनेगी सडक

मेडता सिटी (निसं)। मेडता में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत घोषणा बजट में नगरपालिका मेड़ता को वित्तीय वर्ष 2023-24 में मिले 7 करोड़ में से 2 करोड़ 70 लाख की लागत से डामर पेवर का सड़क निर्माण कार्य बारिश का मौसम रुकने के बाद शुरू हो चुका है। यह सड़क अजमेर नेशनल हाईवे से ख्वाजा नगर कॉलोनी, संगम विहार होते हुए बालाजी मंदिर तक बन रही है जिसकी चौड़ाई लगभग 16 मीटर है। मंगलवार को चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण पालिका अध्यक्ष सलीम मोयल, अधिशाषी अधिकारी पवन मीणा, स्थानीय पार्षद और नगर कांठोस कमेटी के अध्यक्ष जाकिर खान सांखला ने निरीक्षण किया ।इस मौके पर अध्यक्ष सलीम मोयल ने मजबूती के साथ बेहतरीन क्वालिटी से कार्य करने के निर्देश फर्म मेसर्स बलदेव राम और मौजूद संवेदक को दिए। वही अधिशाषी अधिकारी पवन मीणा ने कहा मेड़ता शहर मे बारिश के बाद सड़को को निर्माण कार्य तेजी से शुरू हो गया है। यह सड़क मेड़ता के यातायात की दशा सुधारने में मदद करेगी। वही स्थानीय पार्षद जाकिर खान सांखला ने निवर्तमान चेयरमैन गोतम टाक, वर्तमान अध्यक्ष सलीम मोयल का आभार जताते हुए बताया कि यह वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा नगर पालिका को 7 करोड रुपए डामरीकरण हेतु मिले थे, इस घोषणा बजट में से 2 करोड़ 70 लाख रुपए इस सड़क पर लगाए जा रहे हैं । यह सड़क मेड़ता के यातायात को सुदृढ़ और सुव्यवस्थित करेगी साथ ही वार्ड संख्या 40 की दोनों कॉलोनीयों को हाईवे से जोड़ेगी। सड़क डामरीकरण का कार्य पूर्ण होने पर इस सड़क के बीच में अतिरिक्त 1 करोड़ की लागत से डिवाइडर का निर्माण एवं रोड लाइटों के पोल भी नगर पालिका द्वारा लगाए जायेगे । साथ ही आने वाले समय में इस रोड की सुरक्षा बनी रहे और पानी का जल भराव ना हो इसके लिए नगर पालिका के द्वारा नाला निर्माण भी करवाया जाएगा ताकि रोड पर पानी का जमाव न हो सके और ख्वाजा नगर कॉलोनी की जल भराव जैसी समस्या दूर हो सके, गौरतलब है कि इस सड़क का निर्माण हेतु नगरपालिका को मुख्यमंत्